राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लॉट नं 6–7, एवरेस्ट कॉलोनी, अपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर–302015
फोन : 0141–2973804, 2988946 **Website:** www.rajasthanparamedicalcouncil.org

क्रमांकः– रा.पै.मेडि.कौं / काउ. (सत्र 2019–20) / 2019 / 2533 **दिनांक :** 07-10-19

–::तृतीय काउन्सलिंग व मॉप–अप राउण्ड में दिनांक 04.10.2019 व 05.10.2019 को उपस्थित अभ्यर्थियों की उपस्थिति (Reporting) के क्रम में संशोधन सूचना::–

राजस्थान पैरा मेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा सत्र 2019–20 मे विभिन्न पैरामेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों मे प्रवेश हेतु तृतीय काउन्सलिंग व मॉप–अप राउण्ड में दिनांक 04.10.2019 एवं 05.10.2019 को जारी किये गये आवंटन पत्रों के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को अन्तिम दिनांक 12.10.2019 को सायंकाल 04.00 बजे तक उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था, के क्रम में जारी इस संशोधन सूचना के अनुसार **दिनांक 14.10.2019 सांयकाल 04.00 बजे तक** समस्त मूल दस्तावेजों, जिसमें आरक्षण श्रेणी संबंधी प्रमाण–प्रत्र भी सम्मिलित होंगे के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होना होगा ताकि प्रवेश के अंतिम दिनांक 14.10.2019 सांयकाल 06.00 बजे सॉफ्टवेयर के 'डिएक्टीवेट' (**Deactivate**) होने से पहले प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो सकें। अभ्यर्थी अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं छांयाप्रति, राजकीय चिकित्सालय द्वारा जारी मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र के साथ निर्धारित फीस लेकर आवंटित महाविद्यालय / संस्था को उपस्थिति प्रस्तुत करें। कृपया ध्यान रहे कि मूल दस्तावेजो के अभाव में आपकी उपस्थिति (Reporting) स्वीकार नही की जायेगी।

यदि कोई अभ्यर्थी दिव्यांगज़न (**Physical Handicapped**) श्रेणी में चयनित है, तो ऐसे अभ्यर्थी आवंटित महाविद्यालय / संस्था में उपस्थिति (Reporting) नही करें, क्योंकि उन्हें चिकित्सकीय परीक्षण हेतु सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर में मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थिति के पश्चात् चिकित्सकीय परीक्षण में कोर्स हेतु पात्र पाये जाने पर ही उन्हें कौंसिल द्वारा यथा निर्देशित Alloted महाविद्यालय / संस्था में उपस्थिति (Reporting) प्रस्तुत करनी होगी, जिसका विवरण RPMC की वैबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

7/10/19
(सोमदत्त दीक्षित)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार